UP Board Notes Class 7 Sanskrit chapter 2 चित्रपाठ

शब्दार्थाः- सत्याग्रहेण = सत्य के लिए मन, वचन और कर्म से दबाव डालना, अन्यत् = और, अयच्छत् = दिया, कवयित्री = कविता करने वाली, असहत = सहा, अभूषयत् = शोभित किया, प्रेषितवान् = भेजा, भारतानुरागिणी = भारतदेश से प्रेम रखने वाली, प्रभूतम् = बहुत, सुरभ्यम् = अति सुन्दर, स्मारयति = याद दिलाती है, विचलन्ति स्म = विचलित होते थे, छदिः = छत, स्तम्भैः विनापि = खम्भों के बिना भी, अधिवेशनानि = बैठकें।

अयं .... अकारयत्।

हिन्दी अनुवाद – ये कौन हैं? ये राष्ट्रपिता मोहनदास करमचन्द गाँधी हैं। ये राष्ट्रपिता कैसे कहलाये हैं? ये वर्तमान भारत राष्ट्र के जनक हैं ये किसलिए प्रसिद्ध हैं? इन्होंने सत्याग्रह और अहिंसा आन्दोलन के माध्यम से परतन्त्र भारत को स्वतन्त्र कराया।

अयं .... आसीत्।

हिन्दी अनुवाद – ये कौन हैं? ये हमारे देश के तीसरे राष्ट्रपति डॉ० जाकिर हुसैन हैं। ये तीसरे राष्ट्रपति कैसे हैं? इनकी क्या विशेषता थी? ये नवीन प्राथमिक शिक्षा पद्धति के विशेषज्ञ थे।

अयं .... अभवत्।

हिन्दी अनुवाद – ये कौन हैं? ये भारत के ग्यारहवें राष्ट्रपति डॉ० ए० पी० जे अब्दुल कलाम हैं। इनका जन्म कब हुआ? इनका जन्म सन् 1931 में अक्टूबर महीने की 15 तारीख में हुआ। इनका जन्म तमिलनाडु राज्य के रामेश्वर नामक स्थान में हुआ। ये क्यों प्रसिद्ध हैं? ये महान वैज्ञानिक हैं। ये 'मिसाइलमैन' के नाम से प्रसिद्ध हुए।

अयं .... आसीत्।

हिन्दी अनुवाद – ये कौन हैं? ये डॉ० भीमराव अम्बेडकर हैं। ये क्यों प्रसिद्ध हैं? स्वतन्त्र भारत के संविधान के निर्माण में इनका अपूर्व और महत्त्वपूर्ण योगदान था।

इयम् .... नाङ्गीकृतवती।

हिन्दी अनुवाद – ये कौन हैं? ये महारानी लक्ष्मीबाई हैं। ये क्यों प्रसिद्ध हैं? सन् 1857 में प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की। ये वीरांगना थीं। 23 वर्ष की आयु में इन (राजरानी) ने अंग्रेज साम्राज्य के सैन्य बल के प्रति लोहा लिया। रणक्षेत्र में वीरगति प्राप्त की परन्तु जब तक जीवन रहा अंग्रेज शासकों का 'झाँसी' नगर पर अतिक्रमण स्वीकार नहीं किया।

इयम् .... अभूषयत्।

हिन्दी अनुवाद – ये कौन हैं? ये भारत-कोकिला श्रीमति सरोजिनी नायडू हैं। ये भारत कोकिला क्यों हैं? ये विदुषी, कवयित्री और सुमधुरभाषी थीं। इन्होंने स्वतन्त्र भारत में उत्तर प्रदेश के प्रथम 'राज्यपाल' के पद को सुशोभित किया।

इयम् .... स्मरन्ति।

https://www.evidyarthi.in/

हिन्दी अनुवाद – ये कौन हैं? ये प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी हैं। ये क्यों प्रसिद्ध हैं? ये हमारे देश की प्रधानमन्त्री थीं। सब लोग इन्हें कुशल प्रशासिका के रूप में श्रद्धा से याद करते हैं।

इयं .... अकरोत्।

हिन्दी अनुवाद – ये कौन हैं? ये भारत से अनुराग रखनेवाली परम विदुषी डॉ० एनी बेसेंट हैं। इनकी क्या विशेषता है? ये जन्म से अंग्रेज (इंगलैंड देश की) थी। इन्होंने हिन्दू विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए सर्वप्रथम बहुत धन और विस्तृत भूखण्ड दिया। इनके भाषणों और रचनाओं में संस्कृत साहित्य और संस्कृत भाषा का गौरव प्रकाशित है। इन्होंने देश (भारत) की स्वतंत्रता के लिए महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।

'लखनऊ नगरम्'
लखनऊ .... निर्मितम्।

हिन्दी अनुवाद – लखनऊ नगर उत्तर प्रदेश की राजधानी है। यह प्राचीन और सुन्दर नगर है। यहाँ बहुत से दर्शनीय स्थान हैं, जैसे-रेजीडेंसी स्थल, इमामबाड़ा भवन और सचिवालय। यह क्या है? यह रेजीडेंसी स्थल है। यह हमारे देशभक्तों के आत्मत्याग की याद दिलाता है। प्रथम स्वतंत्रता-संग्राम में सन् 1857 में भारतीय वीरों ने जब अँग्रेजी सरकार का विरोध किया था, तब देशभक्तों ने यहाँ भी अँग्रेजों पर हमला किया था। इस युद्ध में राष्ट्रभक्तों ने अपना खून बहाया था। इनके त्याग से ही स्वाधीनता का एक सोपान निर्मित हुआ।

इदम् इमामबाड़ा .... वदन्ति।

हिन्दी अनुवाद – यह इमामबाड़ा-भवन बहुत मनोहर है। यह अवध शासकों का स्मारक है। इस भवन की छत बहुत विस्तृत है। यह बिना स्तम्भों के भी बहुत कुशलता से बनाई गई है। उस (मण्डल) में अक्सर नए आने वाले (लोग) रास्ता भूल जाते हैं, इसलिए लोग इस भवन को 'भूल-भुलैया' कहते हैं।

इदं सचिवालयभवनम् .... अस्ति

यह 'सचिवालय भवन है। इस भवन में विधानसभा और विधान परिषद् वे अधिवेशन होते हैं। इसी भवन में रहकर राज्य के मंत्रियों के सचिव में ही उत्तर प्रदेश सरकार का मुख्य कार्यालय है।

इदं .... सन्ति

हिन्दी अनुवाद – यह क्या है? यह आंचलिक विज्ञान केन्द्र है। यह क्यों प्रसिद्ध है? क्योंकि यह अनुभव पर आधारित शिक्षा को प्रदान करने के लिए विख्यात है। यह केन्द्र लखनऊ नगर के मध्य में स्थित है। इस केन्द्र में अन्वेषणकक्ष' इस नाम का भवन है। इस कक्ष में भूजलीय-अन्वेषण, जैव प्रौद्योगिकी क्रान्ति और व्यावहारिक विज्ञान-ये तीन दीर्घिका हैं।

https://www.evidyarthi.in/